जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री विद्यालय शीतकालीन अवकाश-कार्यतालिका-२०२५-२०२६ कक्षा-५ विषय-हिंदी

प्रश्न १ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अलादीन अपनी माँ के साथ चीन के छोटे से गाँव में रहता था। वह बहुत गरीब था। एक दिन जब उनका सारा पैसा खर्च हो गया और खाने के लिए कुछ नहीं बचा तो अलादीन ने सोचा, यदि मैं गुफा में मिले हुए चिराग को बेचकर कुछ पैसे कमा लूँ तो अच्छा होगा। उसने आस-पास ढूँढा और उसे चिराग मिल गया। वह धूल से भरा हुआ था। अलादीन ने सोचा कि चिराग को चमका कर बेचने पर उसे ज़्यादा पैसा मिलेगा। उसने चिराग चमकाने के लिए एक कपड़े का टुकड़ा उठाया। जैसे ही उसने चिराग रगड़ा, वैसे ही ज़ोर से बिजली कड़की और एक जिन्न उसके सामने प्रकट हुआ ।"क्या हुक्म है, मेरे आका? मैं इस चिराग का गुलाम हूँ। मैं उसका हुक्म मानता हूँ। जिसके पास यह चिराग होता है। जिन्न ने कहा। इतने बड़े जिन्न को देखकर अलादीन घबरा गया उसने अपने आप को सँभाला और कहा, "मैं भूखा हूँ। मेरे लिए खाना लाओ। जिन्न ने तुरंत एक चाँदी की थाली प्रकट की। उसमें कई तरह के पकवान और मिठाइयाँ थीं। अलादीन और उसकी माँ ने खूब मज़े से खाना खाया ।

क. अलादीन क्या बेचना चाहता था ?

ख. उसने जब चिराग को रगड़ा तो क्या हुआ ?

ग. "मैं उसका हुक्म मानता हूँ, जिसके पास यह चिराग होता है" यह किसने किससे कहा ?

घ. अलादीन कहाँ रहता था?

ङ. उसने कपड़े का टुकड़ा क्यों दिखाया ?

प्रश्न २ शब्दार्थ लिखिए-

भंडार, विकासशील, आत्मनिर्भर, शुद्ध, कर्तव्य, विषाद, वाणी, रोशनी, कायर, जग

प्रश्न ३ वाक्य बनाओ-

डरपोक, मुसीबत, खत्म, खुशी, घमंड, प्रतियोगिता, उच्चतम, विकासशील, संरक्षण, प्रगतिशील

प्रश्न ४ नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

१ हमें प्राणवायु किनसे मिलती है?

२ सूरमा की क्या विशेषता होती है?

३ नन्हे जादूगर ने क्या-क्या जीता?

४ १९ वीं शताब्दी में क्या हुआ?

५ डॉ कलाम ने क्या संदेश दिया?

प्रश्न ५ नीचे दिए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर दीजिए-

१. डॉ कलाम को वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा किस घटना से मिली?

२. लड़के ने किसके कहने पर और किस प्रकार से खेल दिखाया?

३ पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को रोकने में किसकी भूमिका महत्वपूर्ण है और क्यों?

४. लेखक नन्हे जादूगर की किस बात से प्रभावित हुआ?

५. छोटा जादूगर किस तरह का जादू का खेल दिखाता था?

प्रश्न ६ कहीं आप ने उड़न खटोला देखा है? यदि कहीं देखा है तो उसका चित्र काटकर या हाथ से बना कर अपने पुस्तिका में चिपकाए।

प्रश्न ७ ए. पी. जे अब्दुल कलाम द्वारा लिखी 'हम होंगे कामयाब' पुस्तक पढ़ें।

प्रश्न ८: रेखांकित क्रियाविशेषणों के भेद लिखिए।

(क) फल <u>खूब</u> खाना चाहिए। (ग) रेलवे स्टेशन <u>यहाँ</u> से दूर है। (ङ) इतनी सब्जी <u>काफ़ी</u> है।

(ख) मैं <u>प्रतिदिन</u> व्यायाम करती हूँ। (घ) कल <u>अचानक</u> बारिश आ गई।

<u>प्रश्न ९०: उचित विधेय लिखकर वाक्य पूर्ण करें।</u>

(क) जंगल का राजा शेर ....।

(ख) शर्मा जी..........।

(ग) गमले में लगे सभी पौधे......।

(घ) हम.............................।

(ङ) मेरे सभी मित्र ....।

<u>प्रश्न १०: संबंधबोधक शब्दों से वाक्य पूर्ण करें।</u>

(क) पिताजी , माताजी ___ हास्पिटल जाएँगे। (ख) मेरे मकान _____मंदिर है।

(ग) उसने पत्र ________ मुझे सूचना दी। (घ) हमारे घर ________बैंक है।

(ङ) परिश्रम ____सफलता नहीं मिलती ।

<u>प्रश्न ११ नीचे दी गई लोकोक्तियों के अर्थ लिखो-</u>

दूध का दूध, पानी की पानी, एक अनार सौ बीमार, जैसी करनी वैसी भरनी, आ बैल मुझे मार, काला अक्षर भैंस बराबर

<u>प्रश्न १२ निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।</u>

(क) बच्चा छत में खेल रहा है। (ख) वह कपड़ा पहन रही है।

(ग) चिड़िया आकाश पर उड़ती है। (घ) पेड़ को फल लग गए हैं।

(ङ) नामित अपना काम किया।

<u>प्रश्न १३: दिये गए वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए</u> –

(क) दादीजी रोज़ कहानी सुनाती थी। (भविष्यत काल)

(ख) सोहन को लिखना अच्छा लगता है। (भूतकाल)

(ग) माँ ने कबाड़ीवाले को रद्दी बेची। (वर्तमान काल)

(घ) वह बहुत धीरे कार चलाती है। (भूतकाल)

(ङ) आप घर कब गए ? (भविष्यत काल)

<u>प्रश्न १४:</u> 'एकता में बल' कहानी अपने शब्दों में लिखिए।

<u>प्रश्न १५:</u> 'शैक्षिक भ्रमण ' हेतु पिताजी से अनुमति लेने के लिए पत्र लिखिए।

<u>प्रश्न १६:</u> आपके विद्यालय में 'मेला' आयोजित किया गया यह किस तिथि को मनाया गया इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

<u>नोट</u>:-- ## हिंदी साहित्य तथा हिंदी व्याकरण में कराया गया समस्त कार्य भी याद करें।

शीतकालीन अवकाश कार्य हेतु अलग पुस्तिका बनाएं।